आज समाज, SEPT 30th 2015

05/10/2015

वर्कशॉप का करेंगे आयोजन

आज समाज नेटवर्क

चंडीगढ़ । स्वयं (ग्लोबल सेंटर फ ॉर इंक्ल्यूसिव एन्वायर्नमेंट) चंडीगढ़ की एक गैर-सरकारी संस्था, युवसत्ता की सहभागिता के साथ 10वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट के तहत 36 देशों के 250 से भी अधिक युवा नेताओं के लिए एक वर्कशॉप आयोजित करेगा। इसकी घोषणा मंगलवार को जींदल सॉ लिमिटेड की प्रबंध निदेश्का तथा स्वयं की संस्थापिका स्मिनु जींदल ने होटल ताज में की। इसके साथ ही स्मिनु जींदल उद्घाटन सत्र तथा ग्लोबल यूथ आइकन एवॉर्ड्स 2015 के वितरण की अध्यक्षता की।

इस मौके पर स्वयं की युवसत्ता से सहभागिता पर जींदल सॉ लिमिटेड की प्रबंध निदेशिका तथा स्वयं की संस्थापिका स्मिनु जींदल ने कहा,एक सप्ताह (29 सितंबर से 2 अक्तूबर,) तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान स्वयं 10 पूर्व-नियुक्त युवा नेताओं के लिये एक फोकस्ड एक्सेस ऑडिट प्रशिक्षण आयोजित करेगा। प्रशिक्षण सत्र के बाद ये युवा नेता जीपीआईएमईआर के पुराने ओपीडी ब्लॉक तथा गर्वमेंट मल्टीस्पेशिएल्टी अस्पताल, सेक्टर 16 का एक एक्सेस सर्वे करेंगे, जिसके तहत वे यह पता लगायेंगे कि इनकी मूलभूत सुविधाएं वयोवृद्धों के लिए

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करतीं स्मिनु जींदल।

कितनी अनुकूल हैं और वे इन्हें सभी के लिये सुगमय बनाने हेतु समाधानों के सुझाव भी देंगे। फस्टि 2015 के भागीदारों के लिए 'सुगंयता के जरिए समावेशन को बढ़ावा' पर स्वयं एक विशिष्ट वर्कशॉप भी आयोजित करेगा। वहीं पीजीआईएमईआर के एक्सेस ऑडिट के दायरे पर स्मिनू जींदल ने कहा, ''एक्सेस ऑडिट का उद्धेश्य वर्तमान स्थिति में इमारत में मौजूद बाधाओं की पहचान करना और वृद्धों, विक्लांगों, महिलाओं तथा बच्चों के द्वारा प्रयोग किए जाने के लिहाज़ से उन बाधाओं को दूर करने के सुझाव देना है।